22.02.2026 आकाशवाणी, भोपाल 7.10PM

सांध्यकालीन समाचार

<u>मुख्य समाचार :-</u>

ऽ प्रधानमंत्री ने मन की बात में अंगदान की मिसाल और 'एग्जाम वॉरियर' बनने का दिया संदेश।

ऽ दिल्ली में आयोजित होगी राज्य निर्वाचन आयुक्तों की बड़ी बैठक; ईवीएम सुरक्षा पर होगी चर्चा।

ऽ मुख्यमंत्री ने इंदौर में आज " पीथमपुर-सिफर से शिखर" पुस्तक का किया विमोचन।

ऽ प्रदेश के 7 जिलों में बारिश का अलर्ट; मंडला और छिंदवाड़ा में बौछारें पड़ने के आसार।

<u>मन की बात</u>

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने आज 'मन की बात' के 131वें एपिसोड के जरिए देशवासियों को संबोधित किया। प्रधानमंत्री ने दिल्ली में हुई Global AI Impact Summit को एक 'टर्निंग पॉइंट' बताते हुए कहा कि भारत अब एआई के जरिए अपनी प्राचीन पांडुलिपियों और सुश्रुत संहिता जैसे ज्ञान को आधुनिक भाषाओं में सुरक्षित कर रहा है। उन्होंने टी-20 वर्ल्ड कप का जिक्र करते हुए कनाडा, अमेरिका और ओमान की टीमों में खेल रहे भारतीय मूल के खिलाड़ियों की सराहना की।एक भावुक संदेश में पीएम ने केरल की 10 महीने की मासूम आलिन शेरिन का जिक्र किया, जिसके माता-पिता ने अंगदान कर मिसाल पेश की है। साथ ही, उन्होंने गुलामी के प्रतीकों को हटाने की कड़ी में राष्ट्रपति भवन से लुटियंस की प्रतिमा हटाकर स्वतंत्र भारत के पहले भारतीय गवर्नर जनरल सी. राजगोपालाचारी की प्रतिमा लगाने का ऐलान किया। अंत में, उन्होंने छात्रों को 'एग्जाम वॉरियर' बनने और होली पर 'वोकल फॉर लोकल' अपनाने का मंत्र दिया।

मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने कहा कि प्रधानमंत्री श्री मोदी की "मन की बात" देश और देशवासियों की उपलब्धियों को सामने लाने का एक प्रभावी प्लेटफार्म है।

मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने आज इंदौर के डॉ. अंबेडकर नगर में क्षेत्र की प्रगति को नई रफ़्तार दी है। इस दौरान उन्होंने एक बड़ी खुशखबरी साझा करते हुए कहा कि आने वाले समय में महू-खंडवा रेलवे लाइन के शुरू होने से कनेक्टिविटी और व्यापार को जबरदस्त मजबूती मिलेगी। मुख्यमंत्री ने महू में 'सांदीपनि विद्यालय' के भवन का लोकार्पण किया और साथ ही करोड़ों रुपये के विभिन्न विकास कार्यों का भूमिपूजन भी किया।

## मुख्यमंत्री-पीथमपुर

मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने आज इंदौर में पीथमपुर औद्योगिक संगठन द्वारा आयोजित समारोह में शिरकत की। इस अवसर पर मुख्यमंत्री ने पीथमपुर के 40 वर्षों के गौरवशाली विकास पर आधारित पुस्तक "पीथमपुर-सिफर से शिखर" का विमोचन किया। कार्यक्रम के दौरान उन्होंने उन उद्योगपतियों को सम्मानित किया जिन्होंने रोजगार सृजन और निवेश में उल्लेखनीय योगदान दिया है। डॉ. यादव ने कहा कि पीथमपुर केवल एक औद्योगिक क्षेत्र नहीं, बल्कि मध्यप्रदेश की प्रगति का इंजन है।

## मुख्यमंत्री-इंदौर, सीएचएल अस्पताल

मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने आज इंदौर के सीएचएल हॉस्पिटल पहुँचकर बिंदु चौहान से मुलाकात की। बता दें कि सुश्री चौहान कल एक प्रदर्शन के दौरान हुई पत्थरबाजी में गंभीर रूप से घायल हो गई थीं। मुख्यमंत्री ने उनके स्वास्थ्य की विस्तृत जानकारी ली और डॉक्टरों को स्पष्ट निर्देश दिए कि उनके उपचार में कोई भी कसर न छोड़ी जाए। डॉ. यादव ने पीड़ित परिवार को ढांढस बंधाते हुए कहा कि संकट की इस घड़ी में राज्य सरकार पूरी तरह उनके साथ है और इलाज का सारा खर्च और हर संभव मदद सुनिश्चित की जाएगी।

## निर्वाचन आयोग-राष्ट्रीय गोलमेज सम्मेलन

भारत निर्वाचन आयोग आगामी मंगलवार को नई दिल्ली में राज्य निर्वाचन आयुक्तों के साथ एक राष्ट्रीय गोलमेज सम्मेलन आयोजित करने जा रहा है। श्रोताओं, यह बैठक बेहद खास है क्योंकि पूरे 27 साल बाद ऐसा सम्मेलन होने जा रहा है। मुख्य निर्वाचन आयुक्त ज्ञानेश कुमार की अध्यक्षता में होने वाले इस कार्यक्रम में सभी 36 राज्यों और केंद्र शासित प्रदेशों के चुनाव अधिकारी और विशेषज्ञ शामिल होंगे। सम्मेलन के दौरान प्रौद्योगिकी, ईवीएम की सुरक्षा और मतदाता सूचियों को साझा करने पर गहन चर्चा होगी। साथ ही, हाल ही में लॉन्च हुए 'ईसीआई-नेट' डिजिटल प्लेटफॉर्म की बारीकियों से भी सभी राज्यों को रूबरू कराया जाएगा।

## राष्ट्रीय दिव्यांगजन क्रिकेट खेल महोत्सव

मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने आज भोपाल में 'राष्ट्रीय दिव्यांगजन क्रिकेट खेल महोत्सव-2026' का आगाज़ किया।'नॉट आउट / 100' थीम पर आधारित यह आयोजन दुनिया में अपनी तरह का पहला प्रयास है, जहाँ 25 राज्यों के 350 दिव्यांग खिलाड़ी लगातार 100 घंटे तक क्रिकेट खेलकर एक नया इतिहास रचेंगे।

मुख्यमंत्री ने खुद पिच पर उतरकर बल्लेबाजी की और टूर्नामेंट का पहला मैच मध्यप्रदेश और राजस्थान की टीमों के बीच शुरू हुआ।

<u>कलेक्ट्रेट, मंडला-बैठक</u>

मंडला जिले के कलेक्ट्रेट में आज चुटका परमाणु परियोजना को लेकर एक महत्वपूर्ण बैठक आयोजित की गई। कलेक्टर ने अधिकारियों को निर्देश दिए हैं कि मुख्य सचिव और भारत सरकार के परमाणु ऊर्जा विभाग की समीक्षा बैठक के लिए सभी तैयारियां और पीपीटी तुरंत तैयार की जाएं। बैठक में विस्थापित परिवारों के पुनर्वास, अवार्ड वितरण, और दोहरे विस्थापन जैसे संवेदनशील मुद्दों पर बिंदुवार चर्चा हुई। साथ ही, टिकरिया से चुटका तक सड़क निर्माण में तेजी लाने के निर्देश भी दिए गए हैं।

<u>नरवाई-खंडवा</u>

खंडवा जिले के किसानों से प्रशासन ने अपील की है कि वे फसल कटने के बाद अपने खेतों में नरवाई यानी फसलों के अवशेष न जलाएं। कलेक्टर ने स्पष्ट किया है कि नरवाई जलाने से न केवल मिट्टी की उपजाऊ शक्ति नष्ट होती है, बल्कि पर्यावरण को भी भारी नुकसान पहुँचता है। प्रशासन ने अब सख्त रुख अपनाते हुए सभी एसडीएम को निर्देश दिए हैं कि नरवाई जलाने वालों पर  जुर्माना लगाया जाए और प्रदूषण नियंत्रण अधिनियम के तहत कड़ी कानूनी कार्यवाही की जाए। उन्होंने किसानों को सलाह दी है कि वे हैप्पी सीडर और मल्चर जैसे आधुनिक यंत्रों का उपयोग कर नरवाई का सही प्रबंधन करें।

<u>मौसम</u>

प्रदेश में इस महीने में चौथी बार बारिश का अलर्ट जारी हुआ है। मौसम विभाग ने कल यानी सोमवार को मंडला और डिंडौरी समेत प्रदेश के 7 जिलों में बारिश का अनुमान जताया है। पश्चिमी विक्षोभ की सक्रियता से छिंदवाड़ा, सिवनी, बालाघाट और अनूपपुर जैसे इलाकों में हल्की बौछारें पड़ सकती हैं। हालांकि, आज मौसम साफ रहेगा, लेकिन आने वाले दिनों में तापमान में 3 से 4 डिग्री की बढ़ोतरी होने वाली है, जिससे दिन में गर्मी का अहसास बढ़ेगा। इंदौर और भोपाल जैसे शहरों में पारा पहले ही 31 डिग्री के पार पहुँच चुका है।

टी20 क्रिकेट

टी20 क्रिकेट वर्ल्ड कप में आज इंग्लैंड ने मेज़बान श्रीलंका को 51 रनों के बड़े अंतर से मात दे दी है। सुपर-8 के इस अहम मैच में इंग्लैंड ने पहले बल्लेबाजी करते हुए 20 ओवरों में 146 रनों का चुनौतीपूर्ण स्कोर खड़ा किया था। जवाब में, लक्ष्य का पीछा करने उतरी श्रीलंकाई टीम इंग्लैंड की धारदार गेंदबाजी के सामने मात्र 16.4 ओवरों में 95 रनों पर सिमट गई। सुपर-8 राउंड में आज अहमदाबाद के नरेंद्र मोदी स्टेडियम में डिफेंडिंग चैंपियन भारत का सामना दक्षिण अफ्रीका से हो रहा है। दक्षिण अफ्रीका ने टॉस जीतकर पहले बल्लेबाजी करने का फैसला किया है। समाचार लिखे जाने तक दक्षिण अफ्रीका ने 2 ओवर में 1 विकेट के नुकसान पर 10 रन बना लिये थे।

समाचार संक्षेप में .....

ऽ खरगोन जिले के मेनगांव क्षेत्र में बाइक सवार दो युवकों की सड़क हादसे में मौत हो गई; बाइक के अचानक घोड़े से टकराने और पास से गुजर रहे कंटेनर की चपेट में आने से यह दुर्घटना हुई।

ऽ शिवपुरी जिला चिकित्सालय में 26 से 28 फरवरी तक वृहद स्वास्थ्य शिविर हेतु स्क्रीनिंग कैंप आयोजित किया जाएगा, जिसकी तैयारियाँ रोटरी क्लब और माधवराव सिंधिया मेडिकल मिशन के अंतर्गत की जा रही हैं।

ऽ नीमच जिले में 20 से 22 फरवरी तक तीन दिवसीय शीतकालीन गिद्ध गणना आयोजित की गई, जिसमें पहली बार डेटा दर्ज करने के लिए डिजिटल ऐप का उपयोग किया गया।

ऽ पन्ना में पांच दिवसीय आपदा प्रबंधन प्रशिक्षण संपन्न हुआ, जहाँ प्रतिभागियों को भूकंप और अन्य प्राकृतिक आपदाओं से बचाव की बारीकियां सिखाकर प्रमाण पत्र वितरित किए गए।

ऽ डिंडोरी के संदीपनि विद्यालय में छात्रों द्वारा स्वयं गतिविधियों का प्रतिवेदन प्रस्तुत करने की नई पहल शुरू की गई है, जिसका उद्देश्य विद्यार्थियों में नेतृत्व क्षमता और आत्मविश्वास विकसित करना है।

..................